प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

''मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्मयोगी –राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का करेंगे शुभारंभ ।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने 6 देशों के राजदूतों से की बैठक–हिमाचल में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सुक्खू सरकार भूली चुनावी वायदे–15 साल से नौकरी कर रहे लोगों को निकालने का कर रही काम।
- किन्नौर जिले में दीपक प्रोजैक्ट वर्कर्ज यूनियन के कामगार सर्दियों से पहले मांगे पूरी करने को लेकर हुए लामबंद।

प्रधानमंत्री कर्मयोगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्मयोगी –राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह–एन.एल.डब्ल्यू का शुभारंभ करेंगे। सप्ताह के दौरान, प्रत्येक कर्मयोगी कम से कम 4 घंटे की शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। ये सप्ताह व्यक्तिगत प्रतिभागियों, मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा विभिन्न प्रकार की भागीदारी के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। प्रतिभागी, प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा आईजीओटी, वेबिनार, सार्वजनिक व्याख्यान और नीति मास्टर–क्लास पर व्यक्तिगत भूमिका–आधारित मॉड्यूल के माध्यम से लक्षित घंटों को पूरा कर सकते हैं। सप्ताह के दौरान, प्रख्यात वक्ता अपनी विशेषज्ञता से जुड़े विषयों पर व्याख्यान देंगे। विशिष्ट दक्षताओं को बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कुल्लू ज़िला के मौहल में आयोजित एम्बेसडर्ज़ मीट की अध्यक्षता करते हुए विदेशी निवेशकों को हिमाचल में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में उज्बेकिस्तान, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान, ब्रुनेई के राजदूतों और रूस और गुयाना के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन, हरित ऊर्जा, डेटा स्टोरेज, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित किया। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव में पहली बार 6 देशों के राजदूत और 22 देशों के सांस्कृतिक दल भाग ले रहे हैं। उन्होंने

उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विदेशी निवेशक हिमाचल में निवेश के लिए आगे आएंगे जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर पर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज मंडी ज़िला के जोगिन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में ऊहल परियोजना के तृतीय चरण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही इस परियोजना की सॉवरन गारंटी के रूप में 85 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इससे पहले भी इस वर्ष मार्च में सौ करोड़ रूपये परियोजना को प्रदान किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दिसंबर या अगले साल जनवरी तक ऊहल परियोजना से विद्युत उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने परियोजना प्रबंधकों को इस परियोजना का कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। इस बीच उन्होंने जोगिन्द्रनगर स्थित एक सौ 10 मैगावॉट क्षमता के शानन पावर हाऊस का दौरा भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यहां विद्युत उत्पादन संबंधित प्रक्रिया की जानकारी हासिल की और बरोट से पावर हाऊस तक पानी लाने के लिए उपयोग में लाई जा रही प्राचीन ट्रॉली का भी अवलोकन किया।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पौंग बांध विस्थापितों के लंबित मामलों के निपटारे के लिए सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। आज धर्मशाला में पौंग बांध विस्थापित राहत व पुनर्वास समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जिन पौंग विस्थापितों को अभी तक राजस्थान में ज़मीन उपलब्ध नहीं करवाई गई है, उनके मामलों को जल संसाधन मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में गठित हाई पावर कमेटी के समक्ष रखा गया है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि दूसरे चरण में भूमि से वंचित विस्थापितों को राजस्थान में नियमों के तहत ज़मीन उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। उन्होंने लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा करने के लिए हर महीने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और आदर्श समाज के निर्माण में शिक्षक की भूमिका को सर्वोपरि बताया है। हमीरपुर के समीप गजोह में आयोजित प्रधानाचार्यों व शिक्षकों के सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आज उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे पाठ्‌यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें। इस बीच धर्माणी ने तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में करीब एक करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से निर्मित प्रयोगशालाओं का लोकार्पण भी किया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने चुनावी वायदे भूल गई है और लोगों को दी गई गारंटियों के विपरीत कार्य कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार 5 लाख युवाओं को नौकरी देने के नाम पर सत्ता में आई थी, लेकिन अब लोगों को नौकरी से निकालने का काम कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के अपने विधानसभा क्षेत्र नादौन में जलशक्ति विभाग के डिवीजन से अब तक करीब 80 से ज़्यादा लोगों को नौकरी से निकाला जा चुका है और इनमें अधिकतर ऐसे लोग हैं जो 15 साल से आउटसोर्स कर्मी के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने प्रदेश सरकार पर स्वास्थ्य सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि मैडिकल कॉलेज आई.जी.एम.सी में अस्थमा और डायबिटीज़ की टेस्टिंग किट नहीं मिल रही है और अस्पताल के सुरक्षा व सफाई कर्मियों को 4 महीने से मानदेय नहीं दिया गया है।

मांग

किन्नौर ज़िला में सीमा सड़क संगठन के अधीन दीपक प्रोजैक्ट वर्कर्ज़ यूनियन के कामगार सर्दी शुरू होने से पहले गर्म कपड़े, मिट्टी तेल, पक्का मकान, शौचालय की सुविधा सहित अन्य मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं। ये कामगार पवारी, स्पीलो और आकपा सहित अन्य क्षेत्रों में पिछले 5 दिनों से सुबह काम पर जाने से पहले अपने–अपने कार्यक्षेत्र के बाहर संबंधित अधिकारी के समक्ष अपनी मांगें रख रहे हैं। उनका कहना है कि ज़िले के सीमांत क्षेत्रों में मज़दूर सर्दियों के मौसम में टीन के शैड में रहने को मज़बूर हैं।

अनिरूद्ध

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि पर्यटन गतिविधियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करती हैं। वे आज शिमला के समीप जुन्गा में चल रहे फ्लाईंग फेस्टिवल व हॉस्पिटेलिटी एक्सपो 2024 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर द ग्रेट खली ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि शिमला में पैराग्लाईडिंग शुरू होने से पर्यटकों को भी साहसिक खेलों में हिस्सा लेने के अवसर मिलेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए स्थानीय लोगों से अपनी पारंपरिक वस्तुओं से स्वरोज़गार विकसित करने के प्रयास करने का आह्वान किया। द ग्रेट खली ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

यादवेंद्र गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की मुंगल पंचायत में 30 लाख रूपये की लागत से निर्मित स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं व मांगों को जानने के लिए वे नवम्बर माह में प्रत्येक गांव का प्रवास कार्यक्रम आरंभ करेंगे। गोमा ने कहा कि मुंगल पंचायत को विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

भाजपा बैठक

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर आज शिमला में एक बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री व सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में सदस्यता अभियान तेज़ गति से चल रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान में अच्छा कार्य करने वाले राज्यों की श्रेणी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और असम के साथ हिमाचल प्रदेश का नाम भी जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि ये अभियान अभी 30 अक्तूबर तक चलेगा, जिसमें सक्रिय और प्राथमिक दोनों सदस्य बनाए जाएंगे। इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश सह–प्रभारी संजय टंडन और प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन मौजूद रहे।

पुलिस बैठक

उत्तरी क्षेत्र पुलिस समन्वय समिति की 11वीं बैठक आज शिमला स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक डॉक्टर अतुल वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारी व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और केंद्रीय पुलिस संगठनों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अंतरराज्यीय आतंकवादी गैंगस्टर अपराधी गठजोड़ पर खुफिय जानकारी साझा करना, मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने की रणनीतियां, सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों का मुकाबला करने के तंत्र, ऑनलाईन धोखाधड़ी, मानव तस्करी और पुलिसिंग में विशेष रूप से ए.आई. का एकीकरण जैसे विषयों पर चर्चा की गईं

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्मयोगी –राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का करेंगे शुभारंभ ।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने 6 देशों के राजदूतों से की बैठक–हिमाचल में निवेश के लिए किया आमंत्रित।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सुक्खू सरकार भूली चुनावी वायदे–15 साल से नौकरी कर रहे लोगों को निकालने का कर रही काम।
- किन्नौर जिले में दीपक प्रोजैक्ट वर्कर्ज यूनियन के कामगार सर्दियों से पहले मांगे पूरी करने को लेकर हुए लामबंद।

........................................................................................................................................................................

.